# पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र, प्रयागराज

## कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं कृषि प्रदर्शनी, कृषि विज्ञान केंद्र, गोरखपुर

## पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषिवानिकी का विकास – प्रदर्शन स्टाल का स्थापन

कृषि विज्ञान केंद्र, बेलीपार, गोरखपुर में एक दिवसीय कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम दिनांक 09.03.2021 को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास बोर्ड के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि संयुक्त कृषि निदेशक डॉ हरेन्द्र उपाध्याय और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंद्रजीत सिंह सी डी ओ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया गया। पारि- पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केंद्र, प्रयागराज द्वारा यूकेलिप्टस, आंवला, सागौन और गम्हार आधारित कृषिवानिकी का प्रदर्शन स्टाल डॉ अनुभा श्रीवास्तव, वैज्ञानिक के नेतृत्व में योगेश कुमार अग्रवाल ,जूनियर प्रोजेक्ट फेलो तथा हरिओम शुक्ल, सीनियर प्रोजेक्ट असिस्टेंट द्वारा लगाया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा की सरकार ने 2022 तक किसानो की आय दोगुनी करने का संकल्प लिया है , जिससे उन्नत तकनीकी से कम लागत में खेती कर किसानो की आय बढ़ाने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र, बेलीपार, गोरखपुर के प्रमुख डॉ एस के तोमर द्वारा क्षेत्रीय कृषकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों का विवरण दिया गया । विशिष्ट अतिथि ने किसानो के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा की सरकार द्वारा खेती से जुड़ी किसानो की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये गए हैं। कार्यक्रम में डॉ अनुभा श्रीवास्तव, वैज्ञानिक पारि- पुनर्स्थापन वन अनुसंधान प्रयागराज द्वारा कृषिवानिकी में यूकेलिप्टस तथा क्षेत्र विशेष हेतु उचित क्लोन के निर्धारण एवं उनकी बिक्री पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होने प्रतिभागियों और किसानो को यूकेलिप्टस, आंवला, सागौन और गम्हार आदि वृक्ष प्रजातियों के कृषिवानिकी माडलों का चुनाव और उनके बिक्री संबन्धित तकनीकी से अवगत कराया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, गोरखपुर के वैज्ञानिक डॉ एसपी सिंह, डॉ एसके सिंह, संतोष सिंह, डॉ कंचन, शैलेंद्र सिंह तथा डॉ नीतीश पांडेय ने भी खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार रखे।

कार्यक्रम के अंत में केंद्र की वैज्ञानिक, डॉ अनुभा श्रीवास्तव को कृभको, गोरखपुर द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। 32 प्रगतिशील किसानो को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया ।इस दौरान विभिन्न कंपनियों और विभाग के 29 स्टाल लगाए गए थे।

## कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ







REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


कृषिवानिकी में यूकेलिप्टस
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलीपार, गोरखपुर
कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं कृषि प्रदर्शनी
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA




REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA




कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलीपार, गोरखपुर
कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं कृषि प्रदर्शनी
कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलीपार, गोरखपुर

